सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन नैनीताल दिनांक 26 मई, 2023

जनपद चंपावत भ्रमण के दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सर्किट हाउस चपावट में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से मिले तथा उनके उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के द्वारा उत्पाद की गई विभिन्न सामग्री की जानकारी महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से ली। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह अपने उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग भी करें ताकि उनके उत्पादों की जहां बेहतर बिक्री होगी वही उन्हें अच्छा मूल्य भी प्राप्त होगा। इस दौरान उन्होंने लोहाघाट लौह ग्रोथ उत्पाद सेंटर की महिला से कढ़ाई एवं फ्राईपेन भी क्रय किया तथा उन्हें बेहतर कार्य हेतु रूपेय 21 हजार की धनराशि भी पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई'। उन्होंने महिला एवं युवतियों द्वारा बद्री गाय के घी के उत्पादन के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि अन्य महिलाएं भी इस क्षेत्र में आगे आकर अपना स्वरोजगार अपनाएं।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा भी जिले में स्वयं सहायता समूह हेतु सरकारी योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में माननीय राज्यपाल को जानकारी दी। तथा जनपद के महिला समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न उत्पादों आदि के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान माननीय राज्यपाल, जिले के वरिष्ठ नागरिकों से भी मिले, तथा उनसे जिले के विकास हेतु अनेक सुझाव पर वार्ता करते हुए उनसे अपील की कि चंपावत जिले को एक मॉडल जिला बनाए जाने हेतु अपना पूर्ण सहयोग देते हुए आगे आए। उन्होंने विशेष रूप से उनसे अपील की कि जिले में नशे की प्रवृत्ति को जड़ से उखाड़ने हेतु एक अभियान चलाकर इसे खत्म करने में सहयोग प्रदान करें।

............0............

राजभवन सूचना परिसर, नैनीताल उत्तराखण्ड मो0–9456590619 टे0/फै0 05942–235001–3